हरिभूमि

# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शनिवार 10 जनवरी 2026


तापमान

अधिकतम 18.4 डिग्री
न्यूनतम 4.0 डिग्री


12 बाजारों से हटवाई गई रेहड़ी फड़ी, संचालक ...





12 सवा चार एकड़ में आबाद हो रही थी अवैध कॉलोनी ...




खबर संक्षेप

### जंगल से हजारों रुपये की खैर की लकड़ी चोरी



**यमुनानगर।** गांव चिक्कन क्षेत्र से तस्करों ने हजारों रुपये की खैर की लकड़ी काटकर चोरी कर ली। पुलिस ने वन्य जीव निरीक्षक इंस्पेक्टर नीलू राम की शिकायत पर पांच खैर तस्करों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। कलेसर रेंज के वन्य जीव निरीक्षक इंस्पेक्टर लीलू राम ने प्रताप नगर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि आठ जनवरी को सुबह 11 बजे वह क्षेत्र में गश्त कर रहा था। इस दौरान उसे सूचना मिली थी कि गांव चिक्कन क्षेत्र में तस्करों ने खैर के पेड़ काटकर चोरी कर लिए हैं।

### एफडी करवाने के नाम पर हड़पे 2.5 लाख रुपये

**यमुनानगर।** एफडी करवाने के नाम पर शिवनगर कैंप निवासी नजमा से ढाई लाख रुपये हड़प लिए। आरोप गांव मंडोली निवासी रईस खान व सेक्टर 17 निवासी सीमा बेगम पर लगा है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी शिवनगर कैंप निवासी नजमा ने हुड्डा सेक्टर 17 पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि अप्रैल 2023 में उसकी मुलाकात गांव मंडोली निवासी रईस खान व हुड्डा सेक्टर 17 निवासी सीमा बेगम के साथ हुई थी। आरोपियों ने उसे बताया कि वह एक कंपनी में काम करते हैं।

### ताला तोड़कर 2.78 लाख रुपये की नकदी चुराई

**यमुनानगर।** जगाधरी स्थित शर्मा होम्यो क्लीनिक की दुकान की दराज का ताला तोड़कर चोरों ने दो लाख 78 हजार रुपये चोरी कर लिए। क्लीनिक संचालक दोपहर 2 बजे अपने क्लीनिक को बंद करके घर पर चला गया था। वापस लौटने पर चोरी का पता चला। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। शर्मा होम्यो क्लीनिक जगाधरी निवासी हर्षवर्धन शर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी जगाधरी में होम्यो क्लीनिक के नाम से दुकान है।

### रजनीकांत हत्या मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**कुरुक्षेत्र।** जिला पुलिस ने पुलिस ने रजनीकांत हत्या मामले की गुत्थी सुलझाते हुए हत्या मामले के दो आरोपियों हरमन सिंह व रामस्वरूप उर्फ हैप्पी वासीयान चौड मस्तपुर जिला अम्बाला को गिरफ्तार किया है। 6 जनवरी को कुलवंत सिंह वासी मंदेडी जिला कुरुक्षेत्र ने पुलिस को सूचना दी कि वह 6 जनवरी की सुबह समय करीब 10 बजे रेहड़ी से घास लेने के लिए खेत पर जा रहा था। जब वह गांव मंदेडी के गुरुद्वारे के पास पहुंचा तो उसने देखा कि खेत में एक नौजवान लड़के की लाश पड़ी हुई है।

### पानीपत में हथियार सप्लायर पकड़ा

पानीपत। पानीपत की देसराज कॉलोनी में डीआरएम स्कूल के पास ऑफिस के बाहर फायरिंग व पर्ची फेंककर 10 लाख रूपए की रंगदारी मांगने के आरोपियों को हथियार सप्लाई करने वाले आरोपी साहिल उर्फ नेता निवासी कुरैशी मोहल्ल, अमरोहा, उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया। सीआईए श्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि रंगदारी मांगने के केस में रोहतक के बसाना गांव निवासी आरोपी सोहन उर्फ सोनू को साहिल ने तीन देसी पिस्तौल व चार जिंदा कारतूस उपलब्ध करवाए थे। इस मामले में थाना तहसील कैंप में देसराज कॉलोनी निवासी इंद्रजीत उर्फ सोहना की शिकायत पर केस दर्ज है। पुलिस का कहना है आरोपी से पूछताछ की जाएगी।

## तीन युवकों से विदेश भेजने के नाम पर हड़पे 35 लाख रुपये

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

विदेश भेजने के नाम पर अलग-अलग स्थानों पर तीन युवकों से 35 लाख रुपये हड़प लिए गए। पुलिस ने तीनों मामलों की जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कार्रवाई शुरू कर दी। गांव खेड़ी रांगडान निवासी मुस्ताक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह पढ़ाई पूरी करने के बाद रोजगार की तलाश में विदेश जाना चाहता था। मुलाकात अजय कुमार, प्रदीप सिंह व तरनप्रीत सिंह के साथ हुई। इस दौरान आरोपियों ने उससेसात लाख रुपये ले लिए मगर इसके बाद आरोपियों ने उसे आस्ट्रेलिया नहीं भेजा। जब उसने आरोपियों से संपर्क किया तो उनका मोबाइल बंद मिला। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद तीनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

उधर, गांव मारवां कला निवासी सुभाष चंद्र राणा ने बिलासपुर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसका लड़का पढ़ाई पूरी करने के बाद विदेश जाना चाहता था। लाडवा निवासी अंकित कुमार, अमित राणा व ज्योति मनोहर के साथ हुई। आरोपियों ने चार लाख 36 हजार रुपये ले लिए। वहीं, गांव ढलौर निवासी सुरेंद्र कुमार ने बताया कि रमनदीप सिंह व परविंदर कौर ने उसके बेटे को विदेश भेजने के नाम पर 24 लाख रुपये ले लिए।

श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय और एसजीटी यूनिवर्सिटी के बीच समझौता

## दोनों विश्वविद्यालयों के बीच शैक्षणिक, अनुसंधान एवं परीक्षण से संबंधित संसाधनों का पारस्परिक आदान-प्रदान किया जाएगा



कुरुक्षेत्र। समझौता ज्ञापन दिखाते अधिकारी। फोटो: हरिभूमि

**समझौता आयुष विवि के कुलपति प्रो. वैद्य करतार की अगुवाई में किया गया**

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र और एसजीटी यूनिवर्सिटी गुरुग्राम के बीच शैक्षणिक एवं अनुसंधान सहयोग को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान की अगुवाई में संपन्न हुआ। समझौते पर डीन, एफआईएमएस (एसजीटी यूनिवर्सिटी गुरुग्राम) प्रो. अनिल शर्मा तथा श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के कार्यकारी कुलसचिव विकास शर्मा ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. रणधीर सिंह, आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान के प्राचार्य प्रो. आशीष मेहता, डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रो. विदुषी त्यागी, डीन ऑफ आयुवेर्दा प्रो. सीमा रानी, आयुर्वेदिक अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक प्रो. राजा सिंगला, प्रो. रवि राज, प्रो. कृष्ण कुमार व उप कुलसचिव अतुल गोयल उपस्थित रहें। बता दें कि इस एमओयू के अंतर्गत दोनों विश्वविद्यालयों के बीच शैक्षणिक, अनुसंधान एवं परीक्षण से संबंधित संसाधनों का पारस्परिक आदान-प्रदान किया जाएगा। इसके तहत श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के शिक्षक एवं विद्यार्थी एसजीटी यूनिवर्सिटी के आयुर्वेद संकाय की सुविधाओं का लाभ उठा सकेंगे, वहीं एसजीटी यूनिवर्सिटी के शिक्षक एवं विद्यार्थी आयुष विश्वविद्यालय की शैक्षणिक एवं अनुसंधान सेवाओं का उपयोग कर सकेंगे।

सीएम विंडो पर खुला मामला : सरकपुर के शिवम खेत्रपाल खेल स्टेडियम बदहाल

## शिकायत पर अफसर ने झूठ परोसा, बिना जांच जवाब दिया, हो गई खेल स्टेडियम की सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

अफसर कितना झूठ परोसते हैं सीएम विंडो की शिकायत ने उजागर कर दिया। दरअसल सरकपुर के खेल स्टेडियम की बदहाली को लेकर अधिकारियों ने सीएम विंडो की शिकायत को बंद करने के लिए झूठा जवाब तैयार कर कार्रवाई की बात कही। जबकि हकीकत में ऐसा कुछ हुआ ही नहीं। अधिकारियों की इस लापरवाही और गैर जिम्मेदारी की शिकायत शिकायतकर्ता ने फोटो के साथ ट्विटर पर कर दी। सरकपुर के शिवम खेत्रपाल खेल स्टेडियम की बदहाल स्थिति को लेकर सीएम विंडो पर शिकायत दर्ज करवाई थी। विभाग की ओर से 1 जनवरी 2026 को जवाब दिया गया कि मैदान की साफ-सफाई करवा दी गई है। मरम्मत कार्य के लिए 22.84 लाख रुपये की राशि लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) को जारी कर दी गई है। इसी रिपोर्ट के आधार पर शिकायत को निस्तारित कर दिया गया। शिकायतकर्ता ने दावा किया कि जब वह स्टेडियम में सफाई की व्यवस्था देखने गया तो उसके होश उड़ गए। वहां पर कोई भी साफ सफाई नहीं की गई ।





बराड़ा। सरकपूर खेल स्टेडियम में गिरी पौधों की पत्तियां और गंदगी। फोटो: हरिभूमि

**ठोस कदम नहीं उठाया**


शिकायतकर्ता द्वारा 6 जनवरी 2026 को ली गई मौके की तस्वीरें विभागीय दावों की पोल खोलती हैं। इन तस्वीरों में स्टेडियम के मैदान में फैला कचरा, टूटी टहनियां, उगी झाड़ियां और गंदगी साफ नजर आ रही है। इससे स्पष्ट होता है कि न तो कोई सफाई कार्य हुआ और न ही सुधार की दिशा में कोई ठोस कदम उठाया गया।

**कागजों में ही करवा दी सफाई**

शिवम खेत्रपाल ने आरोप लगाया कि बिना किसी निरीक्षण के ही अधिकारियों ने गलत रिपोर्ट लगाकर शिकायत को बंद कर दिया गया। उनका कहना है कि यह जवाब वास्तविकता से परे है और जनता को गुमराह करने वाला है। मजे की बात यह है कि शिकायतकर्ता के बिना ही अधिकारियों ने शिकायत का निपटारा भी कर दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए शिकायतकर्ता ने पब्लिक ग्रीवेंस पोर्टल पर दोबारा नई शिकायत दर्ज करवाई है। इसमें मांग की गई है कि स्टेडियम का निरीक्षण कराया जाए और शिकायत को पुनः खोला जाए तथा झूठी रिपोर्ट देने वाले अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। शिवम का कहना है कि यह मामला प्रशासनिक जवाबदेही पर बड़ा सवाल खड़ा करता है। यदि सीएम विंडो जैसे महत्वपूर्ण मंच पर भी बिना कार्य हुए फाइलों में काम पूरा दिखाया जा रहा है, तो आम जनता की शिकायतों का समाधान कैसे संभव होगा

**धनराशि जारी जल्द होगा टेंडर**

गांव सरकपुर के खेल स्टेडियम की मरम्मत के लिए पीडब्ल्यूडी को धनराशि जारी कर दी गई है। जैसे ही टेंडर प्रक्रिया पूरी होगी, मरम्मत व अन्य कार्य करवाए जाएंगे। स्टेडियम की सफाई करवा दी जाएगी।
-**रामस्वरूप**, जिला खेल अधिकारी



खेलो इंडिया गेम्स में गुरुकुल का छात्र छाया

## मल्लखम्भ स्तूप-प्रदर्शन में देशभर में तृतीय रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

गुरुकुल के एक ब्रह्मचारी ने खेलो इंडिया गेम्स में देशभर में तीसरा स्थान प्राप्त कर गुरुकुल की ख्याति को बढ़ाया है। दमन-दीव में खेल एवं युवा कार्य मंत्रालय द्वारा आयोजित बीच गेम्स-2026 में गुरुकुल के ब्रह्मचारी वरूण शर्मा ने यह उपलब्धि हासिल की है जिसके लिए गुरुकुल के निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार एवं प्राचार्य सूबे प्रताप सहित अन्य अधिकारियों ने वरूण को बधाई दी। राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने भी वरूण की बड़ी उपलब्धि पर गुरुकुल परिवार को शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। ब्रिगेडियर प्रवीण कुमार ने बताया कि खेलो इंडिया बीच गेम्स-2026 का आयोजन 5 से 10 जनवरी 2026 तक दमन-दीव के घोघला बीच में हो रहा है जिसके मल्लखम्भ-प्रदर्शन प्रतिस्पर्धा में हरियाणा की ओर से गुरुकुल के ब्रह्मचारी वरुण शर्मा ने भाग लिया। मल्लखम्भ में हरियाणा सहित मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, गुजरात और दमन-दीव एवं दादर नगर हवेली की टीमें शामिल हुईं।

## छत से गिरने से घायल बच्चे की इलाज के दौरान मौत, परिजनों ने किया हंगाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

शहर की रूपनगर कॉलोनी में छत से गिरकर घायल हुए डेढ़ वर्षीय बच्चे की शहर के हुड्डा सेक्टर 17 स्थित निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने अस्पताल के डॉक्टर पर लापरवाही बताने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया।



बाद में लोगों के समझाने के बाद परिजन बच्चे के शव को लेकर घर चले गए। उधर, अस्पताल संचालक ने परिजनों द्वारा लगाए गए आरोपी को निराधार बताया। रूपनगर कॉलोनी निवासी घनश्याम ने बताया कि वह सेल्समैन का काम करता है। उसके पास दो बच्चे हैं। वीरवार दोपहर करीब 12 बजे डेढ़ वर्षीय देव अपने भाई रुद्र के साथ घर की छत पर खेलते समय गिर गया था।

### रिंग रोड के लेकर बेनतीजा रही महापंचायत फिर किसान होंगे एकजुट

**अंबाला।** रिंग रोड को लेकर शुक्रवार को सपेहड़ा गांव में आयोजित किसान महापंचायत में भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी ग्रुप के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढ़ूनी भी पहुंचे। उन्होंने मौके पर आए एनएचएआई के प्रोजेक्ट निदेशक व प्रशासनिक अधिकारियों से बातचीत की लेकिन बातचीत सिरे नहीं चढ़ सकी। चढ़ूनी ने कहा कि अधिकारियों का कहना है कि मांगों को सरकार के पास भेजा जाएगा, बात नहीं बनी तो 4 फरवरी को फिर जुटेंगे किसान।

### उत्तर भारत के आठ राज्यों की महिला साइकिलिस्ट दिखाएंगी 'अस्मिता साइकलिंग लीग' में प्रतिभा

**कुरुक्षेत्र।** उत्तर भारत के आठ राज्यों की महिला साइकिलिस्ट अस्मिता महिला साइकलिंग लीग में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। यह प्रतियोगिता 10 व 11 जनवरी को शाहाबाद (कुरुक्षेत्र) में आयोजित की जाएगी। हरियाणा राज्य साइकलिंग संघ के महासचिव नीरज तंवर ने जानकारी देते हुए बताया कि यह प्रतियोगिता खेल मंत्रालय भारत सरकार, भारतीय खेल प्राधिकरण तथा भारतीय साइकलिंग महासंघ के सहयोग से आयोजित की जा रही है। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर एवं चंडीगढ़ से महिला साइकिलिस्ट भाग लेने के लिए शाहाबाद पहुंच चुकी हैं। प्रतियोगिता के सफल आयोजन को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और यह आयोजन एक नए एवं आकर्षक स्वरूप में किया जाएगा। प्रतियोगिता में सब जूनियर एवं जूनियर वर्ग की महिला साइकिलिस्टों के बीच रोमांचक मुकाबले होंगे। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली साइकिलिस्टों को पदक एवं नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। नीरज तंवर ने बताया कि प्रतियोगिता में विजेताओं को कुल 1,38,000 की नगद पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी।

### पानीपतः युवती ब्वायफ्रेंड के साथ हुई लापता

**पानीपत।** गांव उझा निवासी युवती अपने ब्वाय फ्रेंड के साथ घर से चली गई। वहीं, युवती के भाई की शिकायत पर थाना चांदनी बाग पुलिस ने मोनू सिद्दकी के खिलाफ युवती को बहला फुसला कर अपने साथ ले जाने के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू की है। युवती की हर संभावित स्थल पर तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। इधर, युवती के भाई ने बताया कि मोनू सिद्दकी के साथ उसकी बहन के प्रेम संबंध थे।

ठंडक बढ़ने से न्यूनतम तापमान गिरकर पहुंचा मात्र 4 डिग्री सेल्सिय

## घना कोहरा और शीतलहर के प्रकोप से जनजीवन प्रभावित, कंपकंपाते रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

जिले में ठंड का प्रकोप कम नहीं हो रहा है। पिछले कई दिन से रोजाना सुबह के वक्त घना कोहरा छाए रहने और दिन भर शीतलहर चलने से मौसम में हाड गलाने वाली ठंड बढ़ रही है। शुक्रवार को अल सुबह से ही जिले में घना कोहरा छाए रहने और शीतलहर चलने से सर्दी के मौसम में जिले का तापमान सबसे कम न्यूनतम 4 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। राहत की बात यह रही कि दोपहर बाद कुछ देर धूप खिलने से लोगों को ठंड से राहत मिली। शुक्रवार को जिले में अल सुबह से ही घना कोहरा छा गया और शीतलहर चल रही थी। अल सुबह से लेकर सुबह 11 बजे तक सड़कों पर कोहरा इतना घना छाया हुआ था कि दृश्यता पांच फीट से भी कम रही । इस दौरान आसमान से घने कोहरे की बूंदे औस के रूप में टपकती रही और सड़कों पर वाहनों की रफ्तार धीमी रही। आलम यह रहा कि शुक्रवार को दोपहर तक घना कोहरा छाए रहने और शीतलहर चलने से लोग घरों में दुबकने को मजबूर हो गए। हालांकि दोपहर बाद कुछ देर सूर्य देव के दर्शन हुए। मगर कुछ देर बाद फिर से सूर्य देव बादलों में औझल हो गए और लोग ठंड में ठिठुरते हुए अपने घरों में दुबक गए।



यमुनानगर। शुक्रवार को सुबह के वक्त घने कोहरे के बीच लाइट जलाकर गाड़ी चलाते वाहन चालक । फोटो: हरिभूमि

**अभी राहत नहीं**

मौसम वैज्ञानिक का कहना है कि अभी राहत की उम्मीद नहीं है। जिले ठंड बढ़ने से न्यूनतम तापमान घटकर 4 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम 15 डिग्री रह गया।

शिक्षा मंत्री ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

## स्वदेशी संकल्प दौड़ से स्वदेशी को मिलेगा बढ़ावा : महीपाल ढांडा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। स्वदेशी संकल्प दौड़ को झंडी दिखाकर रवाना करते शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा।

स्वदेशी संकल्प दौड़ से स्वदेशी को बढ़ावा मिलेगा जिससे छात्र स्वदेशी उत्पादों को प्रयोग करेंगे और स्वावलंबी भारत के सपने को साकार करेंगे। यह विचार हरियाणा प्रदेश के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने शुक्रवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर आयोजित स्वदेशी संकल्प दौड को हरी झंडी दिखाकर व्यक्त किए। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा, स्वदेशी जागरण मंच के राष्ट्रीय सह-संगठक सतीश, कुलसचिव लेफ्टिनेंट प्रो. वीरेन्द्र पाल, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. ए.आर.चौधरी, प्रो. डीएस राणा भी उपस्थित थे। विश्वविद्यालय के अंतरराष्ट्रीय गेस्ट हाउस में शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा का पहुँचने पर कुवि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने स्वागत किया। अंतर्राष्ट्रीय गेस्ट हाउस से ही स्वदेशी संकल्प दौड़ को शिक्षा मंत्री ने हरी झंडी दिखाई। इस दौड़ में विश्वविद्यालय के विभिन्न संस्थानों और विभागों के लगभग 2,000 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया जिसमें यूआईईटी, आईआईएचएस, विधि संकाय, यूनिवर्सिटी स्कूल, मीडिया संस्थान, सहित एनएसएस, एनसीसी और वाईआरसी जैसी इकाइयों के स्वयंसेवक शामिल रहे।

## खबर संक्षेप



### पंचकुला में चमका म्हारी बेटियों का बिजनेस विजन

**करनाल।** सरकारी स्कूल की छात्राएं केवल कक्षा तक सीमित नहीं हैं, बल्कि अपने नवाचार और उद्यमशील सोच से आत्मनिर्भरता की नई मिसाल पेश कर रही हैं। जिले के गाँव अगोंध स्थित पीएम श्री गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्राओं ने अपने अनूठे बिजनेस आइडिया के जरिए जिला स्तर पर जीत हासिल करने के बाद पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय कुशल बिजनेस चेलेंज प्रतियोगिता में भी सफलता प्राप्त की। टीम अगोंध ने सिपरुलीना एलीगे (काई) को एक सुपरफूड के रूप में प्रस्तुत किया, जिसमें एलीगे पाऊडर से बने उत्पाद जैस -केप्सूल, प्रोटीन पाउडर, फेस वॉश, फेस मास्क, एनर्जी ड्रिंक आदि को प्रदर्शित किया गया।

### विस अध्यक्ष कल्याण आज करेंगे जनसुनवाई

**तरावड़ी ।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण 10 जनवरी को घरौंडा के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में सुबह साढे दस बजे लोगों की शिकायत सुनेंगे और दोपहर बाद 2 बजे कलवेहड़ी गांव में सामुदायिक केंद्र का भी शिलान्यास रखेंगे। जन सुनवाई कार्यक्रम में लोगों की समस्याओं का मौके पर ही निपटारा करने के लिए संबंधित अधिकारियों को उचित दिशा निर्देश दिए जाते हैं।

### बीएसएनएल 5जी सेवा इस वर्ष शुरू होगी!

**करनाल।** भारत संचार निगम (बी.एस.एन.एल.) के करनाल सर्कल महाप्रबंधक अनिल कुमार ने कहा कि देश में बी.एस.एन.एल. की 5जी मोबाइल इंटरनेट सेवाएं इसी वर्ष हरियाणा से शुरू होने की उम्मीद है। 4जी सेवाएं भी 2024 में हरियाणा से शुरू हुई थी। अब चेन्नई स्थित टेस्टिंग सेंटर में 5जी की टेस्टिंग चल रही है।

## निपुण हरियाणा मिशन के तत्वावधान में कार्यशाला का समापन

# बीईओ ने अध्यापकों को दिए प्रमाण-पत्र

**सीखने व सिखाने की अध्यापक महत्वपूर्ण कड़ी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ इंद्री

पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय इंद्री में निपुण हरियाणा मिशन के तत्वावधान में खंड शिक्षा अधिकारी धर्मपाल चौधरी की अध्यक्षता में चल रही दो दिवसीय अध्यापक प्रशिक्षण कार्यशाला का अध्यापकों को प्रमाण पत्र वितरण के साथ समापन हो गया। अध्यापकों को प्रमाण पत्र वितरित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि बच्चों में जन्म से ही सीखने की भूख मौजूद रहती है।

छोटे-छोटे बच्चे हमेशा छोटी-छोटी गतिविधियों में अपने आप को शामिल करते रहते हैं। वह यह काम करते हुए कभी थकावट महसूस नहीं करते, लेकिन औपचारिक रूप से जब उन्हें सीखने के काम में जोड़ा जाता है तो बहुत से बच्चे उस कार्य को अपने अनुकूल नहीं पाते और निष्क्रिय बने रहते हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों के सीखने के लिए बच्चों की भावना के अनुरूप वातावरण निर्मित किया जाना चाहिए ताकि बच्चा स्वैच्छिक रूप से उसमें शामिल हो सके। उन्होंने कहा कि सभी बच्चे एक प्रयास में नहीं सीख सकते, इस बात का हमेशा ख्याल रखा जाना चाहिए ताकि उन बच्चों पर बार-बार प्रयास जारी रखे जा सके। उन्होंने अध्यापकों से अपील की कि बच्चों के सामने उनका आचरण सदैव संवेदनशील एवं सहयोगी वाला होना चाहिए।

कार्यशाला में ग्रुप 3 मे मास्टर ट्रेनर अनिल आर्य व अनुपम कांबोज ने रिमेडियल शिक्षण के तौर तरीकों पर चर्चा करते हुए कहा की हिंदी व गणित की मूल अवधारणाओं को बच्चों के स्थानीय परिवेश से जोडक़र सिखाया जाना चाहिए। ग्रुप 4 में मास्टर ट्रेनर रजत शर्मा व रीना कांबोज ने अध्यापकों को प्रशिक्षण देते हुए बताया कि सीखने सिखाने की अध्यापक महत्वपूर्ण कड़ी है। उन्होंने कहा कि बच्चों के साथ आत्मीय संबंध से कक्षा कक्ष का वातावरण खिल उठता है ऐसे भी सीखने की प्रक्रिया स्वतः शुरू हो जाती है। कार्यशाला की मॉनिटरिंग करने के लिए डाइट शाहपुर से पहुंचे डॉ ईश्वर ने भी अध्यापकों से प्रेरणादाई संवाद किया।



इंद्री 1 में चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम मे अध्यापकों को प्रशिक्षण देते धर्मपाल चौधरी

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर प्रधानाचार्य डॉ. करनैल चंद,धर्मेंद्र चौधरी, मास्टर महिंद्र कुमार, बीआरपी रविंद्र शिल्पी, कविता कांबोज, गरिमा शर्मा, सविता, सुखविंदर सिंह, रीना, मोनिका, युगल, किशोर मित्तल, डॉ. बारुराम, शैलजा व निशा कांबोज

# प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 17 से 22 तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ तरावड़ी

श्री हनुमान सेवा समिति तरावड़ी की ओर से मां अन्नपूर्णा धाम आश्रम व अन्नक्षेत्र गुलाब कॉलोनी के मन्दिर मे प्राण प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ पर मांगलिक कार्यक्रम का महोत्सव 17 जनवरी से 22 जनवरी तक बड़े हर्षोउल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर मां अन्नपूर्णा धाम में प्रातः कालीन व सायंकालीन सत्संग भजन व विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। श्री हनुमान सेवा समिति के अध्यक्ष अमन शर्मा ने बताया कि मां अन्नपूर्णा धाम व अन्नक्षेत्र के मन्दिर में पिछले साल प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिसका 22 जनवरी को पूर्ण 2 वर्ष हो जायेगें। इसी उपलक्ष में दूसरी वर्षगांठ महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें महामंडलेश्वर स्वामी अद्वैतस्वरूप महाराज जी, श्रद्वेय श्री प्रहलाद मिश्र जी रामायणी, श्रीधाम अयोध्या जी, महामंडलेश्वर माता करूणागिरी जी, पूज्य महात्मा श्री परम अनमोला आनंद जी, आनंदपुर धाम मध्य प्रदेश, वेदान्त आचार्य प्रणवानन्द सरस्वती वाले अपनी मधुरवाणी से प्रभु भक्तों को प्रवचनों द्वारा प्रभु चरणों से जोड़ेगें।



**तरावड़ी।** कार्यक्रम की जानकारी देते हुये समिति के संरक्षक लाला साधू राम एवं अध्यक्ष अमन शर्मा व पदाधिकारी

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर संरक्षक लाला साधू राम सिंगला, बालकिशन त्रिपाठी, अशोक गोयल, राकेश गुप्ता, राकेश गर्ग, सुभाष अनेजा, विपिन छाबड़ा, संजय सिंगला, परवीन गर्ग, प्रदीप गर्ग, नरेश अरोड़ा, अनिल सिंगला, राजेश जैन, विनित बंसल, अशोक लूथरा, पार्षद नरेश गाबा, अशोक काठपाल, महेश गोयल, संजय गाबा सहित सभी सदस्य मौजूद थे।

### शिक्षकों को बताए तनाव प्रबंधन के गुर

**तरावड़ी ।** श्री ब्रह्मर्षि विद्या मंदिर कॉन्वेंट तरावड़ी में सभी शिक्षकों के लिए तनाव प्रबंधन विषय पर एक विशेष इनहाउस ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस सत्र में रिसोर्स पर्सन के रूप में रवि शर्मा ने शिक्षकों को प्रशिक्षण किया। उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कार्यस्थल और व्यक्तिगत जीवन के बीच संतुलन बनाने की प्रभावी तकनीकें साझा कीं। प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से शिक्षकों को तनाव मुक्त रहने और सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने के गुर सिखाए गए।



स्कूल निर्देशक राकेश शर्मा ने बताया कि शिक्षकों की कार्यक्षमता बढ़ाने और उन्हें मानसिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से यह सत्र आयोजित किया गया था। इस अवसर पर स्कूल का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# जागरूकता ही समस्या का समाधान : मलिक

- सड़क सुरक्षा जागरूकता सेमिनार का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

भारतीय रेडक्रॉस हरियाणा शाखा के वाइस चेयरमैंन अंकुश मिगलानी तथा सोसायटी के महा सचिव सुनिल कुमार के कुशल मार्ग दर्शन में शुक्रवार को रेडक्रॉस भवन में राष्ट्रीय सडक़ सुरक्षा माह, 2026 के तहत सडक़ सुरक्षा जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार की अध्यक्षता जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव कुलबीर मलिक ने की।

उन्होंने बताया कि जागरूकता किसी भी बडी से बडी समस्या का समाधान है। वाहन चलाते समय यदि प्रत्येक व्यक्ति यातायात के नियमों का पालन करे। तो सडक़ दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती हैं। इस अवसर पर रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया। जिसमें प्राथमिक चिकित्सा का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों द्वारा रक्तदान किया गया। जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव कुलबीर मलिक ने रक्तदाताओं को बेज लगाकर तथा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने आमजन से आग्रह किया कि रक्तदान के क्षेत्र में सभी स्वस्थ व्यक्ति जिसकी उम्र 18 साल से से 65 वर्ष है, रक्तदान कर सकता है। उन्होंने बताया कि एक स्वस्थ व्यक्ति को एक वर्ष मे कम से कम तीन बार अवश्य रक्तदान करना चाहिए। आपके द्वारा दिया गया रक्त बीमार व्यक्ति,गर्भवती महिलाएं एवं सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों के काम आता है। रक्तदान मानवता कि सबसे बडी सेवा है और इसे समाज में संवेदनशीलता, सहयोग तथा सेवाभाव को सशक्त आधार मिलता है। सिविल अस्पताल ब्लड बैंक के इंचार्ज डॉ. संजय वर्मा के नेतृत्व में टीम द्वारा 1:00 बजे तक 25 लोगों ने अपना पंजीकरण करवा लिया था। इस अवसर पर जिला रेडक्रॉस सोसाईटी से प्रवक्ता नरेश पाल, विक्रम चौहान, पुनीत परासर तथा रीना मैहला सहित अन्य मौजूद रहे।




**करनाल ।** सड़क सुरक्षा जागरूकता सेमिनार के दौरान शपथ ग्रहण करते लोग।

# तरावड़ी चावल के स्टाल पर उमड़े लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ तरावड़ी

ग्रेटर नोएडा में वीरवार से शुरू हुये इंडस फूड मेले मे विदेशों से फूडस एक्सपोर्टर व निर्माता हजारों की संख्या मे पहुंच चुके है। जहां पर वहां पर लगे फूड प्रोडक्ट्स के स्टालों पर पहुंचकर खाद्य पदार्थों की जानकारी हासिल कर रहे है। इसी कड़ी मे तरावड़ी से भी कई राइस एक्सपोर्टर नोएडा में 8 से 10 जनवरी तक आयोजित होने वाले इंडस फूड मेले में तरावड़ी शहर के एक्सपोर्टस और चावल व्यापारी हिस्सा ले रहे। जिसमे तरावड़ी शहर से 521 बासमती चावल व फूडस प्रोडक्ट्स का स्टाल लगाया गया है। जानकारी देते हुए के.एस. ओवरसीज तरावड़ी के सी.एम.डी. पंकज गोयल ने बताया कि आज हमारे स्टाल पर विदेशी व्यापारी पहुंचकर 521 फूडस प्राडक्टस की जानकारी ले रहे। उन्होंने बताया कि विदेशी व्यापारियो के सामने तरावड़ी में तैयार होने वाले बासमती चावल समेत अन्य खाद्य पदार्थों की क्वालिटी को प्रदर्शित किया गया है। हमे उम्मीद है इस बार इस मेले मे अच्छे ऑर्डर मिलेगे। शहर के प्रसिद्ध उद्योगपति पंकज गोयल ने बताया कि नोयडा में 8 से 10 जनवरी तक आयोजित होने वाला इंडस फूड मेला कृषि, खाद्य प्रसंस्करण, पैकेजिंग, सामग्री, और खाद्य एवं आतिथ्य उद्योगों के लिए नोयडा का अग्रणी आयोजन है। उन्होंने बताया कि विदेशों से फूडस निर्माता यहां आकर अपने ब्रांड प्रदशित करते है।




**तरावड़ी ।** फूडस के सीएमडी पंकज गोयल विदेशी व्यापारियों को जानकारी देते हुए व चावल के ब्रांड का स्टाल।

# समाधान शिविर में शिकायतों का प्राथमिकता से करें निपटारा : मेहता

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

अतिरिक्त उपायुक्त योगेश कुमार मेहता ने कहा कि समाधान शिविरों के माध्यम से प्राप्त होने वाली सभी शिकायतों को अधिकारी गंभीरता से लें। शिविर में प्राप्त शिकायतों का निपटारा प्राथमिकता के आधार पर किया जाए ताकि लोगों को बार-बार दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़ें। इसके साथ ही जो भी शिकायतें प्राप्त होती हैं, उन्हें पोर्टल पर अपलोड करें ।

इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। अतिरिक्त उपायुक्त योगेश कुमार मेहता ने शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर में प्राप्त होने वाली शिकायतों की समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश दे रहे थे। इससे पहले चंडीगढ़ से अभिलेखागार विभाग में आयुक्त एवं सचिव शेखर विद्यार्थी ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से सभी जिला उपायुक्तों के साथ समाधान शिविरों में प्राप्त होने वाली शिकायतों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त योगेश कुमार मेहता ने कहा कि जिन विभागों की शिकायतें लंबित पड़ी हुई है, उनका जल्द समाधान करते हुए आमजन को राहत प्रदान करें। समाधान शिविर सरकार के सुशासन के संकल्प को जमीनी स्तर पर उतारने का एक प्रभावी माध्यम है। सभी विभागाध्यक्ष सुनिश्चित करें कि प्रत्येक शिकायत को निर्धारित समय-सीमा के भीतर निपटाया जाए। गुणवत्तापूर्ण एटीआर पोर्टल पर अपलोड की जाए।




**करनाल ।** बैठक लेते हुए अतिरिक्त उपायुक्त योगेश कुमार मेहता।

**हरियाणा कला परिषद का रहेगा सहयोग**

# सामूहिक विवाह महोत्सव पर 10 से सांग करवाए जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ तरावड़ी

शिव शक्ति सेवा मंडल द्वारा अपना 24वां सामूहिक विवाह महोत्सव बड़े ही धूमधाम से बसंत पंचमी 23 जनवरी को आयोजित किया जाएगा इस अवसर पर 11 कन्याओं का विवाह कराया जाएगा और उन्हें घर जरूरत का सभी सामान दिया जाएगा।

इस अवसर पर हरियाणा कला परिषद के साथ मिलकर हरियाणवी सांग भी 12 दिन के लिए कराए जाएंगे. 10 से 12 जनवरी तक श्योनाथ त्यागी एंड पार्टी सॉन्ग का मंचन करेंगे 13 से 15 जनवरी तक रमेश पाई और पार्टी सांग का मंचन करेंगे 16 से 18 जनवरी तक विष्णु पहलवान कोयर वालेसांग का मंचन करेंगे और 19 से 21 जनवरी तक मनजीत और हरीश यादव और पार्टी सांग का मंचन करेंगे। ज्ञात रहे की घरौंडा अनाज मंडी में हरियाणवी सॉन्ग बहुत ही प्रचलित है और दूर-दूर से लोग इन्हें देखने आते हैं।

शिव शक्ति सेवा मंडल द्वारा पिछले 23 वर्ष में 263 लड़कियों का विवाह कराया जा चुका है. अनाज मंडी और पूरे घरौंडा हल्के के सहयोग से यह कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इस अवसर पर घर जरूर का सभी सामान पिछले वर्ष दानी सज्जनों के सहयोग से दिया गया था।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर संस्था के धीरज भाटिया, अशोक भटनागर, राज सिंगला, पुष्कर टक्कर, देवेंद्र धीमान, डॉ रमेश शर्मा,कुलदीप कैमला, सतविंदर सिंह, दीपक शर्मा, हरिराम पंडित व विनोद गोयल आदि उपस्थित थे

# शामगढ़ में लगा दो दिवसीय आलू मेला

**किसान उन्नत किस्में, गुणवत्तापूर्ण बीज व कृषि तकनीक अपनाएं : सैनी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

आलू प्रौद्योगिकी केंद्र शामगढ़ में आज दो दिवसीय चौथे आलू मेले का शुभारंभ बागवानी विभाग के अध्यक्ष डा. अर्जुन सिंह सैनी ने किया। मेले में 600 से अधिक किसानों ने पंजीकरण कराया। इस मौके पर सैनी ने किसानों को वैज्ञानिक खेती के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही आलू एक्सपो के महत्त्व, आलू बीज उत्पादन की उन्नत तकनीकों तथा किसानों की आय वृद्धि पर प्रकाश डाला। मेले में लक्की ड्रा का आयोजन भी किया गया जिसमें पांच किसानों को पुरस्कार स्वरूप दोहरी बैटरी संचालित स्प्रे पंप प्रदान किए गए। उद्यान विभाग के उपनिदेशक डॉ. मनोज भानुकर ने मुख्य अतिथि को पुष्प-गुच्छ व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मेले में सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र की करीब 20 कंपनियों द्वारा आलू उत्पादन, बीज, उर्वरक, कीटनाशक, कृषि यंत्र तथा नवीन तकनीकों का प्रदर्शन किया। विभागाध्यक्ष डा. अर्जुन सैनी ने मेले में लगाए स्टाल्स का भ्रमण करते हुए कंपनियों के प्रतिनिधियों एवं किसानों से संवाद किया। उन्होंने प्रदर्शित तकनीकों, उत्पादों व सेवाओं की जानकारी ली। किसानों से उनकी समस्याओं, अनुभवों और अपेक्षाओं पर चर्चा की। डा. सैनी ने किसानों को उन्नत किस्मों, गुणवत्तापूर्ण बीज एवं आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने की सलाह दी।




**बागवानी अधिकारियों का दौरा**

मेले में सीएसएसआईआर में आयोजित की जा रही दो दिवसीय कार्यशाला में भाग लेने वाले विभिन्न जिलों के बागवानी अधिकारी भी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने आलू प्रौद्योगिकी केंद्र का दौरा कर वहां की प्रमुख गतिविधियों की जानकारी ली। अधिकारियों को एरोपोनिक्स नेट हाउस, टिशू कल्चर प्रयोगशाला एवं अन्य उन्नत तकनीकी सुविधाओं का अवलोकन कराया गया। इस भ्रमण से अधिकारियों को आधुनिक अनुसंधान एवं तकनीकों की व्यवहारिक समझ प्राप्त हुई।

**लूट की वारदात को अंजाम देने वाले चार आरोपी काबू**

# आरोपियों से सोना, नकदी और वारदात में प्रयुक्त एक्टिवा जब्त



**करनाल ।** सेक्टर-16 में सर्राफ व्यापारी से लूट की वारदात को अंजाम देने वाले चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सीआईए-1 इंचार्ज निरीक्षक संदीप कुमार एवं सीआईए-3 इंचार्ज निरीक्षक अजय के नेतृत्व में गठित टीमों द्वारा आरोपी प्रिंस निवासी सेक्टर-6, करनाल, दिनेश निवासी करनाल को सेक्टर-4 क्षेत्र से काबू किया है। वहीं प्रवीण कुमार गुर्जर निवासी राजपुरा, जिला अंबाला, प्रतीक निवासी सोनिया कॉलोनी अंबाला कैंट को जिला अंबाला क्षेत्र से गिरफ्तार गया है। आरोपियों के कब्जे से लूटा गया कुल 1240 ग्राम सोना, 2 लाख रुपए नकद तथा वारदात में प्रयोग की गई एक एक्टिवा स्कूटी बरामद की गई है। डीएसपी राजीव कुमार ने प्रेस वार्ता कर जानकारी दी है कि शिकायतकर्ता बबन गोविंद मनी ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि वह तथा उसका जीजा सर्राफा बाजार में सोना गलाने का कार्य करते हैं। बीती 3 जनवरी की रात वह काम के बाद घर लौट रहे थे। इस दौरान सेक्टर-16 स्थित कम्युनिटी सेंटर के पास तीन-चार अज्ञात व्यक्तियों ने उन पर हमला कर सोना व नकदी लूट ली तथा मौके से फरार हो गए। इस संबध में थाना शहर करनाल में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीमों द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## कृषि जगत

### दो दिवसीय बागवानी अधिकारियों की कार्यशाला में वैज्ञानिकों ने किया मंथन

# भविष्य के लिए तकनीकें विकसित करने की दिशा में आगे बढ़े संस्थान : प्रो. सुरेश मल्होत्रा

**महाराणा प्रताप हॉर्टिकल्चर यूनिवर्सिटी में कार्यक्रम**

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

महाराणा प्रताप हॉर्टिकल्चर यूनिवर्सिटी करनाल के कुलपति प्रो. सुरेश मल्होत्रा ने प्रदेशभर के बागवानी अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि लगातार खेती किसानी का प्रारूप बदल रहा है, नई नई तकनीकें विकसित हो रही है। जिनका फायदा किसानों को मिल रहा है, लेकिन नई तकनीकों के साथ-साथ कई चुनौतियां भी सामने आ रही है। जिनका मुकाबला करने के लिए वैज्ञानिकों को बदली हुई परिस्थितियों अनुसार काम करना होगा, जिससे किसानों के सामने आने वाली चुनौतियां से निपटा जा सकें। कुलपति प्रो. सुरेश ने बताया कि विश्व का हर देश अपने-अपने किसानों की भलाई के लिए काम रहा है। हर देश की जलवायु अलग-अलग होती है, इसी तरह विश्व में उपयोगी तकनीकों का अपने-अपने देशों में लाकर उन पर अनुसंधान करके उन्हें अपने क्षेत्र, जलवायु के अनुरूप ढालकर किसानों तक पहुंचाना, हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने बागवानी अधिकारियों से आह्वान किया कि वे भविष्य के लिए तकनीकें विकसित करने की दिशा में आगे बढ़े, एक दूसरे के ज्ञान को सांझा करके नई रिसर्च सामने लेकर आए। जो किसानों के हित में हो ओर पर्यावरण के अनुकूल भी हो। उन्होंने कहा कि एमएचयू द्वारा बागवानी विभाग हरियाणा सरकार के सहयोग से केंद्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान (सीएसएसआरआई) करनाल में आयोजित बागवानी अधिकारियों की प्रदेश स्तरीय 2 दिवसीय कार्यशाला इसी उदेश्य के लिए आयोजित की गई, जिसमें वैज्ञानिकों ने मंथन किया। प्रदेश के किसानों के अनुकूल कौन सी किस्में उपयोगी हो सकती है, किस देश से जर्म प्लाज्म लाकर उस पर रिसर्च कर उसे बेहतर बनाया जा सकता है। इस पर गंभीरता के साथ विचार विमर्श हुआ। जो आने वाले दिनों में बहुत उपयोगी बनकर निकलेगा। बागवानी अधिकारियों ने मंच पर आसीन कुलपति प्रो. सुरेश मल्होत्रा, डायरेक्टर जनरल उद्यान विभाग के रणबीर सिंह से प्रश्न भी पूछे, जिनका कुलपति प्रो सुरेश ने न केवल जवाब दिया, बल्कि अपने विश्व के कई देशों के साथ अनुभवों को भी सांझा कर वैज्ञानिकों का उत्साह बढ़ाया।



**करनाल ।** एमएचयू कुलपति प्रो. सुरेश मल्होत्रा बागवानी अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए, साथ में डायरेक्टर जनरल उद्यान विभाग हरियाणा।

### 44 सुझावों की सिफारिश की : कुलपति

कुलपति ने बताया कि कार्यशाला में 48 सुझावों में से 44 की सिफारिश की गई, जो अपने आप में बहुत बड़ी उपलब्धि है। महाराणा प्रताप हॉर्टिकल्चर यूनिवर्सिटी द्वारा विकसित नई किस्मों और उत्पादन सम्बधित नई वैज्ञानिक पद्धतियों को अनुमोदन हरियाणा राज्य में बागवानी फसलों के उत्पादन एवं गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए मिल का पत्थर साबित होगा। जो न केवल पोषण सुरक्षा सुनियोजित करेंगे बल्कि किसानों की आय सुरक्षा में भी अहम योगदान होगा।

### कार्यशाला में बागवानी खेती किसानी के हर विषय पर रखे गए विचार

उद्यान विभाग हरियाणा के डायरेक्टर जनरल डॉ रणबीर सिंह ने एमएचयू की सराहना करते हुए कहा कि कुलपति प्रो. सुरेश के नेतृत्व में एमएचयू ने प्रदेश स्तरीय पहली कार्यशाला आयोजित की, जो बहुत बड़ी बात है। ये कार्यशाला न केवल सफल हुई बल्कि भविष्य के लिए कौन-कौन से फल, सब्जी, मसाले आदि पर रिसर्च की जा सकती है, गंभीरता के साथ मंथन हुआ। उन्होंने कहा कि बागवानी अधिकारियों को कृषि विभाग भारत सरकार के पूर्व कमिश्नर रह चुके प्रो. सुरेश मल्होत्रा के अनुभवों का फायदा मिला, जिन्हें वे अपने अपने क्षेत्रों में जाकर प्रयोग करेंगे।

## खबर संक्षेप

### नशे के विरुद्ध लोगों को जागरूक किया

**पानीपत।** पानीपत पुलिस जिले को नशा मुक्त बनाने की दिशा में विशेष जागरूकता अभियान चलाए हुए है। जिला पुलिस की नशा मुक्त अभियान की टीम ने शुक्रवार को भालसी व ऊंटला गांव में डोर टू डोर जाकर ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभाव की जानकारी देकर जागरूक किया गया। पुलिस टीम ने इस दौरान नशे के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक नुकसान बारे विस्तार से बताया। अभियान के जिला में नोडल अधिकारी डीएसपी नरेंद्र सिंह ने कहा कि युवा देश का भविष्य है। पढ़ाई के साथ खेल और अपने सपनों में ध्यान लगाए, नशे जैसी बुरी आदतों से हमेशा दूर रहे।

### मजदूर विरोधी है भाजपा सरकार

**पानीपत।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष व मनरेगा बचाओ संग्राम के पानीपत जिला प्रभारी सुरेश गुप्ता ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार गरीबों के हक छीन रही है। पूंजीपति मित्रों से हाथ मिलाकर मोदी सरकार ने मनरेगा को खत्म करने का प्रयास किया है। जो नया बिल लाया गया है उससे मजदूर वर्ग बड़े घरानों का गुलाम हो जाएगा।

### जनता की सेवा में लापरवाही सहन नहीं की जाएगी

**पानीपत।** समाधान प्रकोष्ठ की साप्ताहिक समीक्षा बैठक शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता शेखर विद्यार्थी, आयुक्त एवं सचिव, हरियाणा सरकार, अभिलेखागार विभाग, महानिदेशक, अग्निशमन सेवाएं हरियाणा, आयुक्त एवं सचिव, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा मॉनिटरिंग एवं कोऑर्डिनेशन सेल (जीएडी), मुख्य सचिव कार्यालय, हरियाणा सरकार ने की। बैठक के दौरान शेखर विद्यार्थी ने पानीपत में समाधान शिविर में दर्ज शिकायतों की विस्तार से समीक्षा की और चेताया कि जनता की सेवा में लापरवाही सहन नहीं की जाएगी।

### पुरस्कार को व्यक्तियों से आवेदन मांगें

**पानीपत।** जिला समाज कल्याण अधिकारी जयपान सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि सामाजिक न्याय, अधिकारिता अनुसूचित जातियां एवं पिछड़े वर्ग कल्याण तथा अन्त्योदय(सेवा) विभाग, हरियाणा द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण के लिए वरिष्ठ नागरिक सम्मान पुरस्कार योजना 2025-26 के तहत वरिष्ठ नागरिकों/संस्थाओं के सम्मान हेतु राज्य पुरस्कार स्कीम के तहत व्यक्तियों/संथाओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

### बहुजन समाज पार्टी की बैठक हुई

**पानीपत।** बहुजन समाज पार्टी जिला संगठन समीक्षा और 15 जनवरी को कुमारी मायावती के जन्मदिन को लेकर बैठक की। जिसमें बसपा के प्रदेशाध्यक्ष कृष्ण जमालपुर व दलवीर भान प्रदेश प्रभारी हरियाणा व प्रदेश महासचिव रामकुमार सालवन उपस्थित रहे। बैठक में तय हुआ कि संत शिरोमणि गुरु रविदास आश्रम इंदिरा कॉलोनी पानीपत में पार्टी सुप्रीमो कुमारी मायावती का जन्मदिन धूमधाम से मनाया जाएगा।

### वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाई

**पानीपत।** पानीपत जिला यातायात पुलिस धुंध में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पर्यासरत है। इसी कड़ी में यातायात थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर अनिल की टीम ने रविवार को जीटी रोड टोल प्लाजा पर 100 से अधिक वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाकर वाहन चालकों को जागरूक किया। इधर, यातायात थाना प्रभारी अनिल ने बताया कि धुंध व कोहरे के मौसम में सड़क हादसों का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में यह रिफ्लेक्टिर टेप अंधेरे या कोहरे में भी चमककर वाहन चालकों को सावधान करने का काम करेगी।

### सूर्य घर योजना पर बैठक की

**पानीपत।** पानीपत के जिला सचिवालय सभागार में उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के प्रति लोगों को जागरूक करने और योजना को धरातल पर लागू करने के निर्देश दिए।

## पानीपत से सबसे बड़े गांव सिवाह में ग्राम सभा आयोजित, हर किसान अपनी आईडी बनवाए

# ग्रामीण अंचल को विकसित कर रही है भाजपा सरकार: आर्य

### पात्रों से योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत




पानीपत। गांव सिवाह में ग्राम सभा को संबोधित करते हुए कानूनविद् रणदीप कादियान। फोटो: हरिभूमि

पानीपत सबसे बड़े गांव सिवाह में पंचायत घर में शुक्रवार को ग्राम सभा का आयोजन हुआ। जिसमें सरपंच आर्य सुनीता कादियान, बीडीपीओ शीतल गुलिया, समाजसेवी एवं आर्य बाल भारती स्कूल के प्रधान कानूनविद् रणदीप आर्य और पंच जयदीप कादियान नंबरदार, प्रवीन शर्मा, प्रदीप, चांद, प्रताप, मोहित व रवि, महाग्राम सचिव प्रदीप शर्मा, संबंधित विभागों के कर्मचारी व बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। फेमिली आईडी में इनकम, बुढ़ापा पेंशन व लाडो लक्ष्मी योजना की लिस्ट पढ़कर सुनाई गई और उनकी वेरिफिकेशन की गई। भाजपा सरकार ग्रामीण अंचल को विकसित कर रही है।

#### कल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी

इधर, सरपंच सुनीता कादियान ने कहा कि हरियाणा सरकार गांव में भी शहरों की तर्ज पर बुनियादी सुविधाएं दे रही है। वहीं, ग्रामीणों केंद्र व प्रदेश सरकारों की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर पात्रों से योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत सिवाह का प्रयास है कि गांव में निवास कर रहा है परिवार सुखी हो। वहीं रणदीप कादियान ने कहा कि ग्राम पंचायत सिवाह द्वारा गांव के मेधावी बच्चों को ईनाम आदि देकर प्रोत्साहित किया जा रहा है, ताकि गांव के बच्चे निरंतर बुलंदियों को छुते हुए सिवाह का नाम रोशन कर सके। उन्होंने उपस्थित किसानों से किसान आईडी बनाई की महत्ता की जानकारी देकर इसे बनवाने की अपील की।

# देश की तरक्की का आधार है नारी शिक्षा

- भारत के पहले स्कूल में प्रथम मुस्लिम महिला शिक्षिका फातिमा को जयंती पर नमन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ समालखा




महान शिक्षाविद् फातिमा शेख को जयंती पर नमन करते साहब सिंह रंगा आदि।

लड़कियों के लिए खोले गए भारत के पहले स्कूल में प्रथम मुस्लिम महिला शिक्षिका बनीं फातिमा शेख को गांव पावटी व देहरा में उनकी 193वीं जयंती के मौके पर श्रद्धा के साथ याद व नमन किया गया। शुक्रवार को सैनी सेवा ट्रस्ट और डॉ. बीआर अंबेडकर इंसाफ मंच की ओर से आयोजित जयंती कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षाविद् साहब सिंह रंगा ने कहा कि फातिमा शेख ने ज्योतिबा और सावित्रीबाई फुले के साथ मिलकर दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों और महिलाओं की शिक्षा के लिए काम किया, जिसके लिए उन्होंने अपने घर की जमीन भी फुले दंपति को दी और इसके लिए सामाजिक विरोध का भी डटकर सामना किया। वहीं नारी शिक्षा देश की तरक्की का आधार है। हर बेटी शिक्षित हो इसके लिए धरातल पर सामाजिक प्रयास जरूरी है।

#### कार्यक्रम में ये मौजूद रहे

*कार्यक्रम में प्रधान माया देवी, प्रेम सिंह, राममेहर, रामनिवास, नवरत्न कराडिया, चांद राम, मनोज कुमार राम, लख्मी गाहल्याण, सुल्तान, बलबीर, नरेश शर्मा, पालेराम, दयानंद शर्मा, पूनम, निशा, अनिता, सीमा, मोनी आदि उपस्थित रहे।*

# इंसान को निष्काम सेवा का संदेश देती है गीता

- आर्य कॉलेज में प्रबुद्ध महिला गीता गोष्ठी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत



पानीपत। प्रबुद्ध महिला गीता गोष्ठी का दीप जला कर शुभारंभ करते हुए स्वामी ज्ञानानंद।

प्रबुद्ध महिला गीता गोष्ठी का आयोजन आर्य कॉलेज के सभागार में जीओ गीता एवं इनर वहील क्लब जोन नौ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। जिसमें महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद ने उपस्थित महिलाओं के मन की जिज्ञासाओं का उत्तर बहुत ही सहज भाव व अपने आशीर्वचन द्वारा दिया। स्वामी ज्ञानानंद ने बताया की गीता, गाय, गायत्री, गंगा सभी स्त्रीलिंग हैं। वहीं, स्त्री का वास्तविक सम्मान क्या है। हम अपने देवी देवताओं में सर्वप्रथम गौरी-शंकर, राधा-कृष्ण, सीता-राम आदि में स्त्रियों को सदैव प्रथम स्थान दिया है। महाराज श्री ने बताया कि प्रत्येक मनुष्य के जीवन में उसे चुनौतियों और परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है और श्रीमद्भागवत गीता का प्रथम अध्याय उसे उन चुनौतियों एवं परिस्थितियों के लिए तैयार करता है। गीता इंसान को निष्काम सेवा का संदेश देती है।

#### ये मौजूद रहे

इस अवसर पर इनर व्हील क्लब जोन नौ की अध्यक्ष पूजा गोयल, सुमेधा कटारिया, डॉ. अर्चना गुप्ता, मंच संचालन महिला गीता गोष्ठी की संयोजक गीताप्रिय व सीमा बब्बर ने किया। उपस्थित महिलाओं को श्रीमद्भागवत गीता प्रदान की गई। जबकि राजकुमार भारद्वाज ने भजन सुनाए। इधर, गोष्ठी में जीओ गीता से विभु पालीवाल, अंकुश बंसल, अनिल मदान, कंवर रविंद्र सैनी, मोनिका सलूजा, अनीता कपूर, रूपाली चोपड़ा, रश्मि ग्रोवर व कंचन सागर आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



पानीपत। जिला बार एसो. के अध्यक्ष सुरेंद्र दूहन संबोधन करते हुए। फोटो: हरिभूमि

## जज व वकीलों ने नव वर्ष पर गाने गाए

**पानीपत।** पानीपत जिला बार एसोसिएशन पानीपत की कार्यकारिणी सदस्य और सभी ज्यूडिशियल ऑफिसर के द्वारा नव वर्ष मनाया गया। इस अवसर पर कार्यकारिणी के सभी सदस्य के द्वारा सुदेश कुमार शर्मा, जिला जिला एवं सत्र न्यायाधीश, पानीपत की पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। वहीं, मंच का संचालन संदीप शांडिल्य, सचिव द्वारा किया गया। इस अवसर पर राजेश कुमार मेहता, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश, वकील पवन गर्ग व कैशियर राकेश अहलावत के द्वारा भी गाने गाये गए। जबकि प्रधान सुरेंद्र दुहन के द्वारा भी सभी जजों और बार मेंबर्स को भी नव वर्ष की शुभ कामनाएं दी गई। इस अवसर पर उप प्रधान आशिमा कौशिक, शेर सिंह खरब, वैभव देसवाल, रितेश शर्मा, जसबीर मान, सुरेंद्र भारद्वाज, जगबीर राणा, वीरेंद्र शर्मा समेत बड़ी संख्या में वकील उपस्थित रहे।

# अभिभावक अपने बच्चों पर अपनी इच्छा न थोपें : विनोद

### बच्चा को उसी क्षेत्र में करियर बनाना चाहिए जिसमें उसकी रूचि हो

- हमें किसी के दबाव में या आस पड़ोस के माहौल को न देखते हुए अपने मन की बात पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

पीसीसी एकेडमी में शुक्रवार को सेमिनार हुआ। वहीं, सेमिनार में मुख्य अतिथि अक्षयवट फाउंडेशन के चेयरमैन विनोद ने कहा हमें सोच समझकर ही अपनी फील्ड का चयन करना चाहिए। हमें किसी के दबाव में या आस पड़ोस के माहौल को न देखते हुए अपने मन की बात पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए कि आप किस फील्ड में बेहतर हैं। विनोद के अनुसार आज शो ऑफ की दुनिया में लोग एकदूसरे को देखकर फील्ड चयन कर लेते हैं जिससे उनको भारी नुकसान होता है।




पानीपत। पीसीसी एकेडमी के डायरेक्टर राजीव परूथी, विनोद जुनेजा को स्मृति चिंह भेंट करते हुए। फोटो: हरिभूमि

#### विनोद जुनेजा का स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया

वहीं पीसीसी एकेडमी के डायरेक्टर राजीव परूथी ने विनोद जुनेजा का स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया एवं धन्यवाद किया। इधर, जुनेजा ने बच्चों के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि पीसीसी एकेडमी हरियाणा की एकमात्र ऐसा शिक्षा संस्थान है, जहां पर बच्चे के ऊपर डेवलपमेंट पर पर्सनालिटी पर सामान्य ज्ञान पर ध्यान दिया जाता है। इस मौके पर गरिमा, गौरांशी, साक्षी, पलक व महक आदि मौजूद रहे।

## टेक्सटाइल फैक्ट्री में आग लगी, सुपरवाइजर की मौत, मलिक पर केस दर्ज

**पानीपत।** पानीपत औद्योगिक हुडा सेक्टर 25 स्थित गोल्डन टेरी टावल नामक फैक्टरी में आग लग गई। वहीं आग लगने के दौरान फैक्टरी का सुपरवाइजर 37 वर्षीय प्रवीण पुत्र चांदराम निवासी गांव पांजी जाटान जिला सोनीपत आग में झुलसने से बेहोश हो गया। प्रवीण को सत्यम अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां पर इलाज के दौरान प्रवीण की मौत हो गई। आग से फैक्टरी में माल का भी भीषण नुकसान होने की आशंका है।दूसरी ओर, मृतक प्रवीण के चचेरे भाई त्रिलोक की शिकायतपुर थाना चांदनी बाग पुलिस ने फैक्ट्री के मालिक पर लापरवाही के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चांदनी बाग थाना प्रभारी महीपाल ने बताया कि टेक्सटाइल फैक्ट्री में लगी आग में पेमेंट नामक युवक की मौत हुई है पुलिस ने मृतक के चचेरे भाई की शिकायत पर फैक्ट्री मालिक पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## नहर में नहीं मिले जयदीप के शव के अवशेष

**पानीपत।** इनेलो के जिलाध्यक्ष कुलदीप राठी के भाई पानीपत स्वास्थ्य विभाग के सिविल अस्पताल के नेत्र रोग अधिकारी जयदीप राठी के शव के नरवाना ब्रांच नहर में अवशेष नहीं मिले। पानीपत पुलिस, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ व एफएसएल की टीम के साथ नहर में तलाशी अभियान चलाए हुए है। जयदीप की प्रॉपर्टी विवाद के विवाद में 27 दिसंबर को अपहरण कर हत्या की दी थी। हत्यारोपियों ने जयदीप के शव को लड़की पर तेल डाल कर जल दिया था और शव के अवशेष व राख को नहर में बहा दिया था। जयदीप हत्याकांड में रविंद्र राठी, सुनील शर्मा, हरेंद्र राठी, प्रीतम के साथ मिलकर यमुनानगर के जसवंत उर्फ जस्सी, गुरदर्शन, जलजीत उर्फ भोला ने हत्या कर दी थी। जसवंत व गुरदर्शन पुलिस रिमांड पर है।

# प्राथमिक चिकित्सा का प्रशिक्षण दिया

- एनएसएस कैंप में स्वयं सेवी विद्यार्थियों को रक्तदान करने को जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत




पानीपत। डीएवी स्कूल थर्मल में स्वयं सेवी विद्यार्थी स्लोगन का प्रदर्शन करते हुए।

डीएवी पब्लिक स्कूल थर्मल कॉलोनी पानीपत में विद्यालय स्तर पर आयोजित सप्त दिवसीय एनएसएस शिविर के पांचवे दिन स्वयं सेवी विद्यार्थियों ने बेटी, बचाओ, बेटी बचाओ बेटी, जल है तो कल है, स्वच्छता अभियान, पेड़ लगाओ-प्रकृति पढ़ाओ, रक्त दान, आदि विषयों पर स्लोगन लिखे। रेड क्रॉस सोसाइटी पानीपत के प्राथमिक चिकित्सा प्रवक्ता आकाश कंबोज ने स्वयं सेवी विद्यार्थियों को प्राथमिक चिकित्सा का प्रशिक्षण दिया। इधर, कार्यक्रम अधिकारी शीशपाल शर्मा ने कहा कि समझदारी से ही जीवन को सुरक्षित एवं स्वस्थ रखा जा सकता है।

#### करियर और काउंसलिंग को अधिकृत कर के विस्तार से चर्चा की

पीएम श्री सीनियर सेकेंडरी स्कूल गांव जाटल में इकोनॉमिक्स के प्राध्यापक डॉ. पवन गौतम ने उच्चतम कक्षा में प्रवेश लेने के बारे में तथा करियर और काउंसलिंग को अधिकृत कर के विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि भविष्य में सोशल सर्विसेज की, काउंसलर्स, मानसिक क्षेत्र में सर्विस के ज्यादा स्कोप रहेंगे। इसलिए सूझबूझ के साथ भावी भविष्य के लिए अपने विषय चुने।

# हर घर, हर व्यक्ति तक पहुंचेगी जनगणना-2027




**पानीपत।** भारत सरकार द्वारा भारत की जनगणना 2027 को स्वीकृति प्रदान किए जाने के उपरांत जिले में इसकी तैयारियां तेज कर दी गई हैं। वहीं, उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने जिला सचिवालय स्थित कार्यालय में शुक्रवार को संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर जनगणना कार्यों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। स्मरणीय है कि पानीपत में जनगणना दो चरणों में संपन्न होगी। प्रथम चरण गृह सूचीकरण एवं आवास जनगणना अप्रैल से सितंबर और द्वितीय चरण जनसंख्या गणना फरवरी में कराई जाएगी। इस बार की जनगणना पूरी तरह तकनीक आधारित होगी, जिसमें मोबाइल अनुप्रयोग, जनगणना प्रबंधन एवं निगरानी प्रणाली पोर्टल तथा अन्य डिजिटल माध्यमों का व्यापक उपयोग किया जाएगा। इधर, डीसी डॉ. दहिया ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनगणना से संबंधित सभी कार्य पूर्ण सटीकता, पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ पूरे किए जाएं। गणनाकर्ता एवं पर्यवेक्षक मोबाइल उपकरणों के माध्यम से आंकड़े एकत्र करेंगे, जिससे आंकड़ों की गुणवत्ता में सुधार होगा और परिणाम शीघ्र जारी किए जा सकेंगे।

## छात्रों में साक्षरता व संख्यात्मक दक्षताओं को सुदृढ़ करें शिक्षक



**पानीपत।** निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत खंड मडलौडा में प्राथमिक शिक्षकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण राजकीय मॉडल संस्कृत वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव मडलौडा में संपन्न हुआ। समापन अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी अश्वनी ने प्रतिभागी शिक्षकों को प्रमाण पत्र वितरित किए। डाइट पानीपत से एसोसिएट प्रो. अनिल, संदीप, खंड निपुण समन्वयक पवन जांगड़ा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि निपुण हरियाणा मिशन का उद्देश्य विद्यार्थियों की बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक दक्षताओं को सुदृढ़ करना है। पवन जांगड़ा ने बताया कि खंड के कुल 145 प्राथमिक शिक्षकों ने यह प्रशिक्षण प्राप्त किया।

## मोदी सरकार देश के कमेरे वर्ग को सुखी करने में जुटी है, जी राम जी योजना का लाभ मजदूर को होगा

# कांग्रेस ने हमेशा कमेरे वर्ग का शोषण किया : भाटिया



पानीपत। भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवीन भाटिया का स्वागत करते हुए पार्टी नेता। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

- कांग्रेस के राज में मनरेगा में जमकर भ्रष्टाचार हुआ
- ग्रामीण परिवारों की आय में वृद्धि होगी और पलायन रूकेगा

भाजपा के जिला उपाध्यक्ष नवीन भाटिया ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने अपनी सत्ता के दौरान देश के कमेरे वर्ग का शोषण किया। वहीं यदि भाजपा के दबाव में कांग्रेसी सरकारों ने कमेरे वर्ग के लिए यदि कोई योजना बनाई तो वह भ्रष्टाचार के भेंट चढ़ गई। उन्होंने मनरेगा योजना का हवाला देते हुए कहा कि कांग्रेस के राज में मनरेगा में जमकर भ्रष्टाचार हुआ। वहीं मोदी सरकार ने मनरेगा को भ्रष्टाचार मुक्त करते हुए जहां योजना का नाम 'वीबी जी राम जी किया, वहीं इस योजना की हर खामी को ठीक किया, ताकि वीबी जी राम जी योजना का लाभ कमरे वर्ग को मिल सके। नवीन, शुक्रवार को अपने कार्यालय में भाजपा जनों के साथ बैठक करने के बाद मीडिया से बातचीत कर रहे थे। इस अवसर पर दक्षिणी शहरी मंडल अध्यक्ष चेतन तनेजा, विजय सहगल, विक्की कत्याल, हिमांशु वीरमणि, विशाल गोस्वामी, रोहतास देशवाल, संदीप मलिक, संदीप मेहरा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

#### 125 दिन का रोजगार मिलेगा

नवीन भाटिया ने ने आरोप लगाया कि कांग्रेसी अब विपक्ष में होने के बावजूद भी नहीं चाहते की वीबी जी राम जी लागू हो और कमेरे वर्ग को इसका लाभ मिले। जबकि वीबी जी राम जी का लाभ मजदूरों के साथ किसानों को मिलेगा। वहीं, मोदी सरकार का लक्ष्य ग्रामीण मजदूरों को अधिक से अधिक रोजगार और पारदर्शिता के साथ लाभ देना है। योजना के तहत मजदूरों को 100 दिन की बजाय 125 दिन का रोजगार मिलेगा। इससे ग्रामीण परिवारों की आय में वृद्धि होगी और पलायन रूकेगा।

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत**

**ज्योति धर्मपत्नी श्री राजेन्द्र निवासी मकान न. 194, नजदीक हाली पार्क, वीर्वज कालोनी, तहसील व जिला पानीपत व आदि**

**बनाम**

**जनरल पब्लिक**

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि ज्योति धर्मपत्नी श्री राजेन्द्र निवासी मकान न. 194, नजदीक हाली पार्क, वीर्वज कालोनी, तहसील व जिला पानीपत आदि ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतू पेश किया है। जिसमे स्पष्ट रूप से बताया गया है। कि मृतक स्व. श्री नन्द लाल पुत्र श्री वधावा मल का दिनांक 11.03.1978 को देहान्त हो चुका है। मृतक स्व. श्री नन्द लाल पुत्र श्री वधावा मल के देहान्त के बाद निम्नलिखित वारिस है स्व. श्री नन्द लाल पुत्र श्री वधावा मल के देहान्त के बाद निम्नलिखित वारिस है 1. अमर नाथ (पुत्र) 2. बलदेव राज (मृतक पुत्र) 3. सुदेश (पुत्री) 4. कृष्णा (मृतक पुत्री) 5. सत्या (पुत्री) के जायज वारिस हैं। इसके अलावा अन्य कोई वारिस ना है। यह कि वारिस न. 2 बलदेव राज (मृतक पुत्र) का दिनांक 09.12.2018 को देहान्त हो चुका है। यह कि वारिस न. 2 बलदेव राज (मृतक पुत्र) के देहान्त के बाद निम्नलिखित वारिस है 1. पंकज (पुत्र) 2. बिमला (पत्नी) 3. दीपक (पुत्र) 4. ज्योति (पुत्री) 5. पुजा (पुत्री) के जायज वारिस हैं। इनके अलावा अन्य कोई वारिस ना है। यह कि वारिस न. 4. कृष्णा (मृतक पुत्री) का दिनांक 24.03.2003 को देहान्त हो चुका है। और वारिस न. 4. कृष्णा (मृतक पुत्री) के देहान्त के बाद कोई वारिस व वारसान ना है। मृतक स्व. श्री नन्द लाल पुत्र श्री वधावा मल की माता स्व. श्रीमति जीवनी और पत्नी स्व. श्रीमति पुरा देवी का देहान्त अरसा पहले हो चुका है। यह कि सुभाष पटवारी ने भी अपनी रिपोर्ट में उपरोक्त वारसान की तस्दीक की गई। उपर दर्शाये गये वारसानो के मृतक स्व. श्री नन्द लाल पुत्र श्री वधावा मल का अन्य कोई वारिस/उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके सम्बंध में प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिये हर आम व खास को इस इश्तहार नोटिस के माध्यम से सुचित किया जाता है। कि उपरोक्त मृतक स्व. श्री नन्द लाल पुत्र श्री वधावा मल के बताये गये वारिस उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एंव एतराज हो तो वह स्वयं/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 30 दिन के अन्दर-अन्दर कार्यालय में कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा। यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 08.01.2006 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

**तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार, पानीपत**

**न्यायालय तहसीलदार कम संयुक्त सब रजिस्ट्रार पानीपत**

**तरूण विज पुत्र श्री मदन लाल विज निवासी मकान नम्बर 2382, सैक्टर 18 हुडा पानीपत**

**बनाम**

**जनरल पब्लिक !**

हर आम व खास को सुचित किया जाता है कि तरूण विज पुत्र श्री मदन लाल विज निवासी मकान नम्बर 2382, सैक्टर 18 हुडा पानीपत ने वारसान तसदीक हेतू एक दस्तावेज पेश किया है जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि प्रार्थी के पिता मदन लाल विज पुत्र श्री देवी दास विज की दिनांक 8/3/2017 को मृत्यु हो चुकी है- मृतक मदन लाल विज की माता कुन्ती देवी काफी अरसा पहले मृत्यु हो चुकी है- यह कि मदन लाल विज की मृत्यु उपरान्त उनके निम्न वारिस / उत्तराधिकारी दर्शाये गये है हलका पटवारी एवं नगर पार्षद अनिता परूथी वार्ड-1 द्वारा अपनी रिपोर्ट में इन्हीं वारसान की तसदीक की गई है
1- त्रिपता देवी पत्नी 2- तरूण विज पुत्र 3- लोकेश पुत्र 4'- शालू पुत्री 5 सीमा पुत्री मृतक का अन्य कोई वारिस / उत्तराधिकारी नहीं है
इनके इलावा मृतक मदन लाल विज का अन्य कोई वारिस / उत्तराधिकारी नहीं है इसलिए हर आम व खास को इस नोटिस/इश्तहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस / उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एंव एतराज हो तो वह स्वयं / अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर-2 उपरोक्त कार्यालय में कार्य दिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा !
यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 08.01.2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया है।

**हस्ता/- न्यायालय तहसीलदार कम संयुक्त सब रजिस्ट्रार, पानीपत**

## खिलाड़ियों की सेफ्टी के लिए खेल स्टेडियमों में उपकरणों का होगा ऑडिट

# खिलाड़ियों को दुर्घटनाओं से बचाने के लिए डीसी ने खेल व दूसरे अधिकारियों के दिए निर्देश

***डीसी बोले, किसी भी खिलाड़ी के साथ खेलते हुए किसी प्रकार की कोई अनहोनी न हो।***

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने शुक्रवार को जिला खेल अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी तथा लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की ली। इस दौरान सभी विभागीय अधिकारियों को उनके अधीन वाले खेल मैदान एवं उपकरणों का संयुक्त रूप से जायजा लेने के निर्देश दिए। साथ ही उनका ऑडिट करने की भी बात कही। ताकि किसी भी खिलाड़ी के साथ खेलते हुए किसी प्रकार की कोई अनहोनी न हो। इस मौके पर मेयर शैलजा सचदेवा व अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।


अंबाला। अधिकारियों से बातचीत करते डीसी अजय सिंह तोमर।

### उपायुक्त ने स्टेडिमों में उपलब्ध सुविधाओं की ली जानकारी

उपायुक्त ने जिला खेल परिषद के तहत एजेंडे में रखे बिंदुओं की विस्तार से समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कार्यकारी जिला खेल अधिकारी से खेल स्टेडिमों में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। साथ ही खेल विभाग के अंतर्गत आने वाले खेल स्टेडियमों में खेल संबंधी उपकरणों का सेफ्टी ऑडिट बारे में भी पूछा। कार्यकारी जिला खेल अधिकारी ने उपायुक्त को बताया कि स्पोर्ट्स विभाग के अंतर्गत आने वाले खेल स्टेडियमों के खेल संबंधी उपकरणों का ऑडिट किया जा चुका है। जहां पर थोडी-बहुत कमी थी उस कार्य को दुरूस्त कर लिया गया है। उपायुक्त ने खेल उपकरणों संबंधी ऑडिट के लिए विभागों की जिम्मेवारी तय की ताकि भविष्य में खिलाडियों को खेलते हुए किसी प्रकार की अनहोनी न हो। उन्होंने इस मौके पर खेल स्टेडियमों में यदि कहीं पर वाइटवाश का कार्य किया जाना है तो उस कार्य को करने के साथ-साथ शौचालयो की भी व्यवस्था बारे निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खेल स्टेडियमों में महिला खिलाडियों एवं छात्राओं के लिए अलग से शौचालय की व्यवस्था होनी चाहिए। इसके साथ-साथ उन्होंने जिला खेल अधिकारी को यह भी कहा कि खेल से जुड़े सामान जैसे हॉकी स्टिक, क्रिकेट बाल, टेनिस बाल या अन्य जो भी खेल संबंधी जरूरतें होती है उसके तहत आगामी 6 महीने की रिपोर्ट तैयार करें। टेंडर प्रक्रिया के अनुसार इन्हें खरीदने की व्यवस्था भी रखें ताकि खिलाडियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पडे।

### खेल स्टेडियम विकास पर निर्देश

उपायुक्त ने राजीव गांधी खेल स्टेडियम में निर्माणाधीन स्वीमिंग पुल के निर्माण कार्य की प्रगति के साथ-साथ आनंद स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में सीसीटीवी कैमरे, यहीं पर बैडमिंटन हाल के कोर्ट को अपडेट करने, बिजली के बिल की बचत के दृष्टिगत स्टेडियमों मे सोलर पॉवर लगाने बारे, राजीव गांधी स्टेडियम में बैडमिंटन हाल के रिपेयर संबधी कार्य के साथ-साथ अन्य बिंदुओं पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला खेल अधिकारी ने बताया कि आनंद स्पोर्ट्स कांप्लेक्स साथ-साथ राजीव गांधी खेल स्टेडियम में बैडमिंटन हाल के बेहतर रख-रखाव बारे एस्टीमेट तैयार करके मुख्यालय भिजवाया हुआ है। उपायुक्त ने राजीव गांधी खेल स्टेडियम में वुशु खेल के तहत अलग से मल्टीपर्पस हाल होने बारे अस्टीमेट तैयार करने बारे कहा। उन्होंने कहा कि खिलाडियों के उज्जवल भविष्य के लिए प्रदेश सरकार द्वारा निरंतरता में कार्य किए जा रहे हैं ।

## खबर संक्षेप

### सीआईए-1 ने चोरी के मामले में युवक पकड़ा

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर में बिजली का सामान चोरी करने के मामले में सीआईए-1 ने आरोपी सोमपाल उर्फ कोंपली को गिरफ्तार किया है। इस मामले में संलिप्त अब तक तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। परिवादी हरदीप सिंह ने 24 अक्तूबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि न्यू विवेक विहार अंबाला शहर पर स्थित उसके मकान से आरोपी ने बिजली की तारें, कटर, ग्रेंडर, हथोड़ी व अन्य सामान चोरी किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### चोरी के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर में दर्ज बैटरी व इन्वर्टर चोरी करने के मामलें में पुलिस ने संलिप्त आरोपी सूरज, मोहित उर्फ चिंटू व सन्नी को गिरफ्तार किया है।
शिकायतकर्ता मुख्य अध्यापिका सरकारी मार्डल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय ने 17 नवंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि सरकारी मार्डल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय नंबर 7 से आरोपी ने एक इन्वर्टर व दो बैटरी चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

### नकदी छीनने के मामले में काबू

**अंबाला।** थाना सैक्टर-9 अंबाला शहर में दर्ज मोबाइल फोन व नकदी राशि छीनने के मामले में पुलिस ने संलिप्त आरोपी सरजेंट सिंह को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि इस मामले में पीड़ति महिला ने 20 दिसंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि ग्रेटर कैलाश कॉलोनी जंडली के पास से मोटरसाइकिल सवार आरोपियों ने उससे मोबाइल व नकदी छीन ली है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

### धमकी देने के मामले में एक गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नारायणगढ़ में दर्ज मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने संलिप्त आरोपी सरदुल सिंह व सोनू को गिरफ्तार किया है।
परिवादी ओम प्रकाश ने 17 नवंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी सरदुल सिहँ, सोनू व अन्य ने उसके घर में घुस कर उससे मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

## अंबाला छावनी व अंबाला शहर से निगम व नप अधिकारियों ने हटवाए कब्जे

# बाजारों से हटवाई गई रेहड़ी फड़ी, संचालक बोले, गरीबों पर चलता है अफसरों का जोर

***अतिक्रमण के खिलाफ अभियान: चेतावनी के बावजूद रेहड़ी फड़ी नहीं मानते, अवैध कब्जों की वजह से लोगों को होती है परेशानी, निरंतर चलेगा अभियान***

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

नगर निगम व नगर परिषद की ओर से शुक्रवार को भी अवैध कब्जे हटाने की कार्रवाई की। इस दौरान जांच टीमों ने सड़कों के किनारे अवैध कब्जा जमाए बैठे रेहड़ी फड़ी वालों के खिलाफ कार्रवाई की। कई रेहड़ियों के साथ निगम कर्मचारी खोखों को भी उठाकर ले गए। इस दौरान कई रेहडी फड़ी वालों ने कार्रवाई का विरोध भी किया। ज्यादातर पीड़ितों का आरोप है कि निगम व नगर परिषद उन कब्जाधारकों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करते जिन्होंने सरकारी जमीनों पर पक्के कब्जे किए हुए हैं। गरीब लोगों पर ही उनका जोर चलता है। इस दौरान रेहड़ी फड़ी वालों का सामान भी जब्त किया गया। इस दौरान निगम कर्मचारी फ्रूट की फड़ी से क्रेट उठाकर ट्राली में भर रहे थे, तभी फड़ी संचालक ने खुद ही ट्रॉली में क्रेट व फ्रूट डाला शुरू कर दिया। फड़ी संचालक का कहना था कि शहर में 60 प्रतिशत लोग रेहड़ी-फड़ी के जरिए अपने परिवार का पालन-पोषण कर रहे हैं लेकिन उनको हटाया जा रहा है। निगम की ओर से भी यहां फड़ी संचालकों को तीन से चार बार खुद ही हटाने के लिए कहा गया मगर यहां से फ्रूट की फड़ी नहीं हटाई गई। शुक्रवार को निगम टीम ने लक्ष्मी नगर की मार्केट में कई जगहों से अतिक्रमण हटाकर सामान जब्त किया। यहां फास्ट फूड व खाने की लगी रेहड़ियों को हटवाते हुए बेंच भी जब्त किए गए। लोगों को यहां दोबारा अतिक्रमण न करने की चेतावनी दी गई।




***पीड़ितों का आरोप: पक्के अवैध कब्जों पर कार्रवाई नहीं, गरीबों को निशाना बनाया जा रहा, कार्रवाई के दौरान कुछ रेहड़ी-फड़ी वालों ने विरोध किया***

***रेहड़ी-फड़ी से जुड़े लोगों ने आजीविका प्रभावित होने की बात कही लक्ष्मी नगर मार्केट में फास्ट फूड व खाने की रेहड़ियां हटाईं, बेंच जब्त***

***फुटबॉल चौक से खाली पड़े खोखे व रेहड़ी जब्त, सदर बाजार सहित अन्य बाजारों से बोर्ड व बैनर हटाए गए, अतिक्रमण मुक्त छावनी के लिए विशेष टीम का गठन***

***टीम रोजाना अलग-अलग क्षेत्रों में कार्रवाई कर रिपोर्ट देगी, रिपोर्ट के आधार पर नोटिस जारी कर सामान जब्ती व अतिक्रमण हटाया जाएगा, दुकानदारों को बोर्ड व सामान बाहर न रखने की सख्त चेतावनी***

### शहर को साफ सुथरा बनाने के लिए अभियान रहेगा जारी: ईओ

अंबाला छावनी की सड़कों को अतिक्रमण से मुक्त करने के लिए अभियान चलाया गया है। शहर में कुछ जगह पर बिना कार्य के पड़ी रेहड़ियां व चाय के खोखे और दुकानों के बाहर सड़क पर रखे बोर्ड आदि को जब्त किया जा रहा है। यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।
**-देवेंद्र नरवाल, ईओ, नप सदर, अंबाला।**

### नप ने भी हटाए कब्जे

अंबाला छावनी के बाजारों में नगर परिषद ने अतिक्रमण विरोधी अभियान एक बार फिर शुरु कर दिया है। अभियान के दौरान चौक-चौराहों पर रखे सामान, रेहड़ियों व चाय के खोखों को जब्त करने का काम शुरु कर दिया गया है। इसी कड़ी में मंगलवार को नगर परिषद की टीम ने फुटबॉल चौक के पास रखे एक खोखे व रेहड़ी को जब्त किया है जोकि काफी दिनों से खाली पड़े हुए थे। हालांकि इस दौरान किसी प्रकार का विरोध देखने को नहीं मिला। इसी प्रकार सदर बाजार सहित अन्य प्रमुख बाजारों से भी सड़क पर रखे बोर्ड व बैनर आदि को जब्त किया गया। अंबाला छावनी को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी के निर्देश पर एक टीम गठन किया गया है। टीम को छावनी में बिना अनुमति के चल रहे निर्माण, चौक-चौराहों व मुख्य सड़कों पर कब्जा करके रखा गया सामान, रेहड़ी व खोखे आदि की जिम्मेदारी सौंपी गई है जोकि रोजाना एक विशेष क्षेत्र में जाकर काम करेगी और शाम को इसकी रिपोर्ट विभागीय अधिकारी को सौंपेगी। रिपोर्ट के आधार पर नगर परिषद अतिक्रमण करने वाले व्यक्ति को नोटिस देगा या फिर मौके पर जाकर नोटिस चस्पाएगा ताकि संबंधित को इसकी जानकारी मिल सके और फिर सामन जब्त करने और अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही की जाए। नगर परिषद की टीम ने बाजार के दुकानदारों को पुनः चेतावनी दी है कि इस बार उनकी दुकान के बाहर रखे बोर्ड आदि को जब्त किया जा रहा है। इसके बाद सामान को जब्त करने के अलावा उनके ऊपर जुर्माना भी लगाया जाएगा, अगर फिर भी वो अपनी कार्यशैली में सुधार नहीं करते तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी। मौके पर मौजूद मुख्य सफाई निरीक्षक सुनील दत्त ने बताया कि पिछले माह लगातार अभियान चलाया था और हालात काफी हद तक ठीक भी हो गए थे, लेकिन नव वर्ष पर दी गई ढील के कारण एक बार फिर सड़कों पर अतिक्रमण नजर आने लगा है।


अंबाला। अवैध कॉलोनी में बनी कच्ची सड़कों के जाल को ढहाती जेसीबी मशीनें।

## सवा चार एकड़ में आबाद हो रही थी अवैध कॉलोनी, जेसीबी ने सड़कों का जाल तोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

जिला नगर योजनाकार के दस्ते द्वारा अर्बन एरिया के गांव पत्ती अचारजां में लगभग 4.25 एकड़ में अवैध रूप से विकसित की जा रही कॉलोनी में तोड़-फोड़ की कार्रवाई की। इस दौरान कॉलोनी में बनी हुई कच्ची सडक़ों के जाल को जेसीबी मशीनों द्वारा पूर्ण रूप से धवस्त कर दिया गया। मौके पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट कम जिला नगर योजनाकार रोहित चौहान, कनिष्ठ अभियंता, रविंद्र पंवार तथा एसएचओ इंफोर्समेंट भारी पुलिस बल के साथ मौका पर उपस्थित रहे। चौहान ने आमजन से अपील की है कि वे प्रॉपट्री डीलरों के बहकावे में आकर अवैध कॉलोनियों में प्लाट/दुकान न खरीदें। उन्होंने कहा कि कुछ प्रॉपर्टी डीलर अपनी जेब भरने के लिए अवैध कॉलोनियों में लोगों को सस्ते प्लाट देने का झांसा देकर उनके साथ ठगी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन अवैध कॉलोनियों में प्लाट खरीदना व बेचना पूरी तरह से गैरकानूनी है। अगर कोई व्यक्ति चेतावनी के बावजूद यहां जमीन खरीदकर उस पर निर्माण करेगा तो ढहा दिया जाएगा।

## पुण्यतिथि पर महिलाओं ने किया समाजसेवी स्व. तरुण कौशल को याद कर दी श्रद्धांजलि

**बराड़ा।** गांव थंबड में युवा पुरस्कार से सम्मानित समाजसेवी स्वर्गीय तरुण कौशल की चौथी पुण्यतिथि पर एक श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) के सदस्य जसवंत राणा के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में गांव की महिलाओं और ट्रस्ट के सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखकर समाज सेवा के इस पुंज को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर ट्रस्ट के सदस्य बलजिंदर कुमार ने बताया कि तरुण कौशल एक कुशल शिक्षक और समाजसेवी थे। उन्हें समाज सेवा के उत्कृष्ट कार्यों के लिए 'राष्ट्रीय युवा पुरस्कार' सहित कई राज्य स्तरीय सम्मानों से नवाजा गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि तरुण कौशल द्वारा शुरू किए गए महिला सशक्तिकरण और समाज सेवा के कार्यों को निरंतर जारी रखना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर ट्रस्ट ने अपनी को-स्पांसर कंपनी के सौजन्य से सभी को इम्यूनिटी बूस्टर किट वितरित की। मौके पर मदन गोपाल धीमान, उमेश धीमान, अनिकेत, कुनाल अग्रवाल,जयबीर सिंह, काकू राणा, कपिल राणा, तुषार, शिव कुमार सहित आदि मौजूद रहे।




### हेरोइन तस्करी में तीन गिरफ्तार

**अंबाला।** सीआईए-2 ने मादक पदार्थ रखने के मामले में आरोपी तेजविंद्र उर्फ बिन्नी व दो आरोपी महिलाओं को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। सीआईए-2 के निरीक्षक अनिल कुमार ने बताया कि उनकी टीम अपराध नियंत्रण हेतू गश्त पर तैनात थी। पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि विश्वकर्मा नगर के एक रिहायशी मकान में नशे का अवैध कारोबार होता है। पुलिस दल ने तुरंत रेड कर रिहायशी मकान से विधिपूर्वक तलाशी लेकर 46 ग्राम 80 मिलिग्राम हेरोइन बरामद की। पुलिस ने इस मामले में आरोपी तेजिंद्र उर्फ बिन्नी व दो आरोपी महिलाओं को गिरफ्तार किया है।

## फेसबुक पर महिला ने राफेल की मांगी थी जानकारी

- पूछताछ के बाद आरोपी जेल पहुंचा, खाते की जांच के दौरान मिले 12 हजार रूपये जमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पाक को सूचनाएं भेजने के आरोप में पकड़े सबगा के सुनील उर्फ सन्नी से महिला ने एयरफोर्स स्टेशन में खड़े राफेल की जानकारी मांगी थी। महिला ने सुनील से राफेल की विस्तार से जानकारी ली थी हालांकि वह यहां राफेल होने की ही जानकारी दे पाया था। पूछताछ के दौरान आरोपी सुनील ने पुलिस के सामने यह खुलासा किया है। महिला ने फेसबुक व व्हाट्सएप नंबर पर की चैट के दौरान सुनील से पता कर लिया था कि उसका एयरफोर्स स्टेशन के भीतर जाने का कार्ड बना है। जबकि सुनील भी कई बार एयरफोर्स स्टेशन में बने मकानों की मरम्मत के लिए अंदर जा चुका था। फोन ले जाने की अनुमति न होने के कारण सुनील भीतर की ज्यादा जानकारी नहीं दे पाया। पूछताछ पूरी होने के बाद अब सुनील को जेल भेज दिया गया है। जांच के दौरान सीआईए-2 की टीम ने सबगा गांव में सुनील उर्फ सन्नी सहित पूरे परिवार के पंजाब सिंध बैंक के खातों को खंगाला है।

### प्राथमिक शिक्षकों को अकादमिक योजना पर फोकस करने की दी ट्रेनिंग

**बराड़ा।** साहा ब्लॉक में प्राथमिक टीचरों के लिए चल रही दो दिवसीय एफएलएन (फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमेरेसी) ट्रेनिंग सफलता पूर्वक संपन्न हो गईं। कार्यशाला में ट्रेनरों ने गणित विषय पर विशेष फोकस करते हुए गणित की अकादमिक कार्य योजना एवं उसकी प्रक्रिया की विस्तृत समझ प्रदान की। इसके साथ ही रेमेडियल कार्य योजना, रेमेडियल शिक्षण की प्रक्रिया, शिक्षण योजना का डेमो सत्र, रेमेडियल कार्य की योजना तैयार करना, शिक्षण योजना का प्रस्तुतीकरण, आकलन प्रक्रिया तथा एफएलएस स्टडी पर विस्तार से चर्चा की गई।

## सीजेएम ने बाल सुधारगृह का किया मुआयना, व्यवस्थाएं भी जांची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव प्रवीण ने शुक्रवार को बाल सुधार गृह का औचक निरीक्षण किया । न्यायधीश ने सुधार गृह में रह रहे बच्चों से बातचीत करते हुए उनका कुशलक्षेम पूछा। उन्हें यहां पर जो सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही है उसकी भी जानकारी हासिल की। उन्होंने इस मैके पर बाल सुधार गृह की हर व्यवस्था का जायजा लिया और बाल सुधार गृह में बच्चों की देखरेख और उनको मिलने बाली सुविधाओं कमरों कि साफ सफ़ाई , बच्चों को दीं जानें वाली शिक्षा, बच्चों को दिया जाने वाले भोजन और रसोईघर का भी निरिक्षण किया। उन्होंने इस दौरान मौजूद बच्चों से भी उनके स्वास्थ्य की भी जानकारी ली। स्टाफ को कहा कि यदि किसी बच्चे को कोई स्वास्थ्य चिकित्सा की आवश्यकता है तो उसे तुरंत चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाना है।


अंबाला। सुधारगृह का मुआयना करते न्यायिक दंडाधिकारी प्रवीण।

## धुंध में हादसों से बचने के लिए यातायात नियमों का पालन करें वाहन चालक

- वाहन चालकों से अपील की कि यात्रा पर निकलने से पहले मौसम की स्थिति की जानकारी अवश्य लें और उसी अनुसार अपने सफर की योजना बनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

सर्दी के मौसम में बढ़ती धुंध और घने कोहरे के चलते सड़क दुर्घटनाओं की आशंका कई गुना बढ़ जाती है। ऐसे में यातायात नियमों का पालन कर ही सडक़ दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकता है। डीएसपी सूरज चावला ने कहा कि यातायात नियमों के प्रति जागरूक रह कर ही सड़क दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है। कोहरे और धुंध के कारण दृश्यता बेहद कम हो जाती है, जिससे वाहन चालकों को सामने से आ रहे वाहन, पैदल यात्री या सडक़ संकेत समय पर दिखाई नहीं देते। इसी लापरवाही के चलते दुर्घटनाएं घटित होती हैं। उन्होंने वाहन चालकों से अपील की कि यात्रा पर निकलने से पहले मौसम की स्थिति की जानकारी अवश्य लें और उसी अनुसार अपने सफर की योजना बनाएं। उन्होंने कहा कि धुंध और कोहरे के दौरान वाहन चालकों को धीमी गति से वाहन चलाना चाहिए तथा रक्षात्मक ड्राइविंग अपनानी चाहिए। साथ ही वाहनों के बीच सुरक्षित दूरी बनाए रखना बेहद जरूरी है, ताकि अचानक ब्रेक लगने की स्थिति में टक्कर से बचा जा सके। डीएसपी ने वाहन चालकों को कोहरे के समय फॉग लाइट व इंडिकेटर का सही उपयोग करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि लो-बीम हेडलाइट का प्रयोग करें, क्योंकि हाई-बीम लाइट कोहरे में दृश्यता और कम कर देती है। दृश्यता अत्यधिक कम होने पर सडक़ पर बनी सफेद व पीली पेंट की गई लाइनों को मार्गदर्शक के रूप में अपनाते हुए वाहन चलाएं।

उन्होंने यह भी बताया कि पुलिस विभाग द्वारा लगातार वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसके अंतर्गत वाहनों पर रेट्रो रिफ्लेक्टर टेप लगाने, हेलमेट व सीट बेल्ट के प्रयोग, ओवरस्पीडिंग से बचाव और सुरक्षित ड्राइविंग को लेकर समय समय पर अभियान चलाए जाते हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे स्वयं भी यातायात नियमों का पालन करें। दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें, ताकि सडक़ों पर दुर्घटनाओं को रोका जा सके और सभी सुरक्षित यात्रा कर सकें।

**विकास** | पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल के प्रयासों से निरंतर तरक्की की ओर बढ़ रहा अंबाला शहर

## पांच वार्डों को मिली विकास की सौगात, 2.50 करोड़ से शुरू होंगी योजनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल के निरंतर प्रयासों के चलते अंबाला शहर विकास और तरक्की के पथ पर तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। शहर के सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता देते हुए सरकार द्वारा हर क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है, ताकि आमजन को बेहतर जीवन सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा सकें। इसी क्रम में अंबाला शहर के विभिन्न वार्डों में प्रतिदिन गलियों, सड़कों, पार्कों, नालियों तथा अन्य नागरिक सुविधाओं से जुड़े विकास कार्य आरंभ करवाए जा रहे हैं। शुक्रवार को विकास यात्रा को आगे बढ़ाते हुए शहर के वार्ड नंबर 2, 5, 13, 14 और 15 में लगभग 2 करोड़ 50 लाख रुपये की लागत से किए जाने वाले विभिन्न विकास कार्यों का विधिवत शुभारंभ किया गया। इन कार्यों में सड़कों का निर्माण एवं मरम्मत, गलियों का पक्का करना, पार्कों का सौंदर्यीकरण और आधारभूत ढांचे को मजबूत करने से जुड़े कई महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं। विकास कार्यों के शुभारंभ अवसर पर सभी संबंधित वार्डों के सदस्यों के साथ भाजपा महामंत्री संजीव गोयल टोनी, मंडल अध्यक्ष, भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर विकास कार्यों की शुरुआत करवाई और सरकार की नीतियों की सराहना की। इस मौके पर आमजन में खासा उत्साह देखने को मिला और लोगों ने मुख्यमंत्री नायब सैनी की सरकार तथा पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इन विकास कार्यों से क्षेत्र की समस्याओं का समाधान होगा। अंबाला के डिप्टी मेयर राजेश मेहता और सदस्य हितेश जैन ने बताया कि नगर निगम अधिकारियों और संबंधित ठेकेदारों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि सभी विकास कार्यों को गुणवत्ता के साथ और निर्धारित समय सीमा में पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।


अंबाला। विकास कार्यों का शुभारंभ करते भाजपा नेता व कार्यकर्ता।

### अंबाला शहर में विकास कार्यों की श्रृंखला जारी

कार्यों की नियमित निगरानी की जाएगी ताकि जनता को जल्द से जल्द इन योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने आगे कहा कि आने वाले समय में भी अंबाला शहर के हर वार्ड में इसी तरह विकास कार्यों की श्रृंखला जारी रहेगी। शहर को आधुनिक सुविधाओं से युक्त एक आदर्श नगर के रूप में विकसित किया जाएगा। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष आंनद,निगम सदस्य यतिन बंसल,फकीर चंद,अर्चना छिब्बर,शोभा पुनिया,रूबी सौदा,बीनू गर्ग,मुकेश शर्मा,बंसी लाल कपूर,मेहर चौधरी,राम चंद्र सैनी,मनीष मंगला,बंसीलाल कपूर व अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।